# 'आसमान से बरस रही आग': पारा 43 डिग्री के पार, जल स्तर गिरने से बढ़ा संकट



**सतना।**

विंध्य क्षेत्र में भीषण गर्मी और लू का तांडव शुरू हो गया है। जिले में सूर्य देव के तेवर इतने तल्ख हो गए हैं कि जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। रविवार को जिले का अधिकतम तापमान 43.1C दर्ज किया गया,जिसने झुलसाने वाली गर्मी का अहसास कराया। आलम यह है कि दोपहर होते ही शहर की मुख्य सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है और लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं।

### न्यूनतम तापमान और आर्द्रता का गणित

मौसम विभाग के अनुसार,न केवल दिन बल्कि रातें भी अब गर्म होने लगी हैं। जिले का न्यूनतम तापमान 24.6C रिकॉर्ड किया गया।हवा में नमी का स्तर 35 प्रतिशत से 15 प्रतिशत के बीच बना हुआ है। हवा में शुष्कता बढ़ने के कारण गर्म थपेड़े (लू) शरीर को झुलसा रहे हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में यदि हवा की दिशा में बदलाव नहीं हुआ,तो पारा और ऊपर जा सकता है।

### पाताल की ओर जाता जलस्तर

भीषण गर्मी का सबसे बुरा प्रभाव प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ा है। बढ़ती तपिश के कारण जिले का भू-जल स्तर तेजी से नीचे खिसक गया है। ग्रामीण इलाकों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी हैंडपंपों ने जवाब देना शुरू कर दिया है। कुएं सूख रहे हैं और तालाबों का पानी तेजी से वाष्पीकृत हो रहा है।जलस्तर गिरने से पेयजल का संकट गहराने लगा है,जिससे पशु-पक्षियों के साथ-साथ आम नागरिक भी बूंद-बूंद पानी के लिए परेशान हैं।

### आम जनजीवन बेहाल-दोपहर में 'कर्फ्यू' जैसे हालात

दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक आसमान से 'आग' बरस रही है। जरूरी काम होने पर ही लोग सिर ढंककर बाहर निकल रहे हैं। अस्पतालों में डिहाइड्रेशन,हीट स्ट्रोक और उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। डॉक्टरों ने अधिक से अधिक तरल पदार्थ लेने की सलाह दी है। गर्मी के कारण व्यापारिक गतिविधियों पर भी असर पड़ा है। लोग शाम ढलने के बाद ही खरीदारी के लिए निकल रहे हैं।

## भीषण गर्मी में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सराहनीय पहल



**मैहर।** स्थित मां शारदा देवी धाम में भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शारदा प्रबंधक समिति के सदस्य सचिन मिश्रा ने एक सराहनीय पहल की। मंदिर परिसर में दर्शन के लिए आने वाले भक्तों की परेशानी को देखते हुए उन्होंने तत्काल प्रभाव से व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सचिन मिश्रा ने समिति के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि मंदिर प्रांगण में मैट बिछाई जाए,ताकि गर्म फर्श पर चलने से श्रद्धालुओं को राहत मिल सके। साथ ही मैट पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव करने के भी आदेश दिए गए,जिससे तापमान कम रहे और भक्तों को आराम मिल सके।इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में साफ-सफाई की स्थिति का भी जायजा लिया। जहां-जहां गंदगी पाई गई,वहां तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मां शारदा धाम में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण मिलना चाहिए। सचिन मिश्रा की इस पहल की श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों द्वारा काफी सराहना की जा रही है। लोगों का कहना है कि इस तरह के प्रयासों से न केवल श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी,बल्कि मंदिर की व्यवस्थाएं भी बेहतर होंगी।

## ताशकंद से लौटी सतना की बेटी अस्मि भारती का भव्य स्वागत



**सतना।**

जिला पंचायत के सीईओ शैलेंद्र सिंह ने नवाचार करते हुए इंटरनेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता खेलकर लौटी सतना की बेटी अस्मि भारती का भव्य स्वागत किया। उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में आयोजित ताइक्वांडो वर्ल्ड चैंपियनशिप में हिस्सा लेकर अस्मि भारती रविवार को सतना लौटीं। गौरतलब है कि अस्मि भारती मध्य प्रदेश की पहली ताइक्वांडो खिलाड़ी हैं,जिन्होंने वर्ल्ड चैंपियनशिप में अपनी जगह बनाई। इस वर्ल्ड चैंपियनशिप प्रतियोगिता में 50 से अधिक देश के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। सतना रेलवे स्टेशन पर ढोल-नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया गया और वहां से उनके घर तक भव्य रैली निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और शहर में उत्साह का माहौल देखने को मिला।सीईओ शैलेंद्र सिंह ने कहा कि यह एक नई परंपरा की शुरुआत है। जिला पंचायत की ओर से सतना के जो भी खिलाड़ी नेशनल या इंटरनेशनल स्तर पर खेलकर लौटेंगे,उनका इसी प्रकार भव्य स्वागत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह नवाचार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और जिले में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। जिला प्रशासन की तरफ से अस्मि को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

## एकेएस विश्वविद्यालय के एमबीए छात्रों का औद्योगिक भ्रमण, सीमेंट निर्माण प्रक्रिया की मिली व्यावहारिक समझ



**सतना।**

उद्योग-अनुकूल शिक्षा को सशक्त बनाते हुए एकेएस विश्वविद्यालय के एमबीए (मार्केटिंग) विभाग के छात्रों ने जॉनसन सीमेंट डिवीजन का औद्योगिक भ्रमण किया। यह भ्रमण छात्रों के लिए ज्ञान वर्धक और व्यवहारिक अनुभव प्रदान करने वाला सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का समन्वयन श्री अंकित कुमार गर्ग एवं डॉ.चंदन सिंह द्वारा किया गया। भ्रमण के दौरान कंपनी के जनरल मैनेजर राकेश कुमार,एचआर प्रतिनिधि अंबिकेश त्रिपाठी तथा संतोष कुमार पांडे ने छात्रों को सीमेंट निर्माण की पूरी प्रक्रिया विस्तार से समझाई। छात्रों को बताया गया कि सीमेंट निर्माण की शुरुआत चूना पत्थर और अन्य कच्चे पदार्थों के खनन (Mining) से होती है,जिसके बाद उनका क्रशिंग और ग्राइंडिंग (Crushing & Grinding) किया जाता है। इसके पश्चात मिश्रण को रॉ मील (Raw Meal) के रूप में तैयार कर किल्न (Kiln) में उच्च तापमान पर गर्म किया जाता है,जहाँ से क्लिंकर (Clinker) बनता है। इसके बाद क्लिंकर में जिप्सम मिलाकर फाइनल ग्राइंडिंग की जाती है,जिससे सीमेंट तैयार होता है। अंत में सीमेंट की पैकिंग और डिस्पैच की प्रक्रिया पूरी की जाती है। इसके साथ ही छात्रों को सुरक्षा मानकों (Safety Procedures) और गुणवत्ता नियंत्रण (Quality Control) के कड़े मानदंडों से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर विभाग के डीन एवं हेड डॉ.कौशिक मुखर्जी ने कहा कि नई शिक्षानीति के तहत इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक समझ प्रदान करते हैं और उन्हें उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करते हैं। यह औद्योगिक भ्रमण छात्रों के कौशल विकास,आत्मविश्वास और रोजगार क्षमता को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## ढोल-नगाड़ों की गूंज में सजे सात फेरे




### मैहर में 150 जोड़ों का सामूहिक विवाह, कलेक्टर के संबोधन ने बांधा समां

**मैहर।**

जनपद पंचायत मैहर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत रविवार को भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन हुआ,जहां ढोल-नगाड़ों और उत्सव के माहौल के बीच लगभग 150 जोड़े परिणय सूत्र में बंध गए। पूरे आयोजन स्थल पर खुशियों की गूंज और रंग-बिरंगे परिधानों में सजे वर-वधुओं की झलक ने माहौल को पूरी तरह उत्सवमय बना दिया। समारोह में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष,जिला पंचायत सदस्य जयंती महेश तिवारी,जनपद अध्यक्ष,जनपद उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी और देवदत्त सोनी सहित जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की भव्यता को और बढ़ा दिया। प्रशासनिक स्तर पर भी कार्यक्रम पूरी मजबूती से नजर आया। जिला कलेक्टर विदिशा मुखर्जी,एसडीएम दिव्या पटेल और सीईओ अशोक तिवारी की उपस्थिति ने आयोजन को व्यवस्थित और प्रभावशाली बनाया। कार्यक्रम का सबसे चर्चित पहलू रहा नवागत कलेक्टर विदिशा मुखर्जी का संबोधन। उनके ऊर्जावान और प्रेरक शब्दों ने उपस्थित जनसमूह में नई ऊर्जा भर दी। लोगों ने न केवल ध्यानपूर्वक उनके विचार सुने,बल्कि उनकी कार्यशैली और व्यक्तित्व की खुलकर सराहना भी की।समारोह में शामिल लोगों के बीच कलेक्टर की चर्चा पूरे दिन होती रही,जिससे यह आयोजन केवल विवाह तक सीमित नहीं रहा,बल्कि प्रशासन और जनता के बीच विश्वास और जुड़ाव का भी एक मजबूत संदेश दे गया।

## मैहर के दुबेही में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, नरवाई में फैलकर लिया विकराल रूप,डेढ़ घंटे में पाया काबू

**मैहर।**



जिले के अमरपाटन तहसील अंतर्गत दुबेही गांव में रविवार को शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। आग खेतों की नरवाई में भड़क उठी और तेज हवाओं के चलते तेजी से फैलते हुए दूर-दूर तक पहुंच गई,जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई।घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। वहीं सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम भी पहुंची और ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने में जुट गई।करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित कर लिया गया। गनीमत रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई,लेकिन खेतों में लगे हरे पेड़ों और फसल को नुकसान पहुंचा है। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि यदि समय रहते काबू नहीं पाया जाता,तो बड़ा नुकसान हो सकता था। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने समय पर पहुंची दमकल टीम और स्थानीय लोगों की सक्रियता से बड़ा हादसा टलने पर राहत की सांस ली है।

## खबर संक्षेप

### मैहर सिविल अस्पताल में युवक का साइकिल स्टंट



**मैहर।** सिविल अस्पताल में उस समय हैरानी का माहौल बन गया जब एक युवक खुलेआम साइकिल चलाते हुए पूरे अस्पताल परिसर में सैर-सपाटा करता नजर आया। अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर युवक बेखौफ साइकिल दौड़ाता रहा लेकिन उसे रोकने वाला कोई नजर नहीं आया जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। काफी देर बाद अस्पताल के एक गार्ड ने सक्रियता दिखाते हुए साइकिल सवार युवक को रोका। इस घटना ने अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही और निगरानी व्यवस्था की पोल खोल दी है वहीं मरीजों और परिजनों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ा दी है।

### कोठी पुलिस ने नकबजनी के आरोपी को किया गिरफ्तार



**सतना।** पुलिस अधीक्षक डॉ.हंसराज सिंह के निर्देशन में कोठी थाना पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गत 25 मार्च की रात ग्राम बरहना से अज्ञात चोरों ने चार मासपेड मशीन,बॉक्स,माइक और एलईडी लाइटें चोरी की थीं। फरियादी नीरज सोनी की रिपोर्ट पर पुलिस ने बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने प्रांशू उर्फ छोटू कुशवाहा निवासी किटहा को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपने साथी अमित कुशवाहा के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया।पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 50,000 मूल्य की दो स्टेंजर मशीनें और दो एलईडी लाइटें बरामद की हैं।

### मैहर में जनगणना अधिकारियों ने की


**मैहर।** भारत की जनगणना कार्य के अंतर्गत मैहर जिले में स्वगणना को बढ़ावा देने के लिए जिला जनगणना अधिकारी एवं एसडीएम अमरपाटन डॉ.आरती सिंह ने पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपनी गणना (स्वगणना) पूर्ण की। उन्होंने इस प्रक्रिया के माध्यम से आमजन को डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर जनगणना में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी अमरपाटन आर.डी. साकेत ने भी स्वगणना कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की। अधिकारियों ने बताया कि स्वगणना से जनगणना प्रक्रिया अधिक पारदर्शी,सरल और सटीक बनती है। जिले के नागरिकों से अपील की गई है कि वे भी पोर्टल के माध्यम से स्वगणना कर राष्ट्र के इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग प्रदान करें।

### योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर का संवाद अभियान

**मैहर।** जिले में शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी ने एक अभिनव पहल शुरू की है। इस पहल के तहत वे विकासखंडवार विभिन्न विभागों के मैदानी कर्मचारियों से सीधे "वन टू वन" चर्चा कर योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही वास्तविक कठिनाइयों को समझेंगी और उनका समाधान करेंगी। चरणबद्ध तरीके से सभी विकासखंडों में यह समीक्षा एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस श्रृंखला की शुरुआत 23 अप्रैल को मैहर विकासखंड से होगी। कार्यक्रम प्रातः 11.30 बजे से शाम 6 बजे तक एकलव्य आवासीय आदर्श विद्यालय मैहर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी विद्यालय के बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन भी करेंगे,जिससे शिक्षा एवं पोषण व्यवस्थाओं का भी जमीनी स्तर पर अवलोकन हो सके।

### सामूहिक विवाह में राज्यमंत्री ने दिया जोडों को आशीर्वाद

**सतना।** नागौद जनपद पंचायत अंतर्गत सिंहपुर के पटपरनाथ धाम मंदिर परिसर में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के मुख्यातिथ्य में रविवार को मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 47 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार के साथ परिणय सूत्र में बंधे। समारोह की अध्यक्षता जिला पंचायत सतना के अध्यक्ष रामखेलावन कोल ने की। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती सुस्मिता सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि,गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में नव दंपतियों के परिजन उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्रीमती बागरी ने कन्या पूजन कर मातृशक्ति का सम्मान किया तथा सभी नवदंपतियों पर पुष्पवर्षा कर सुखद वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद दिया।



# पारधी (बहेलिया) समाज की छात्राओं को शिक्षा से जोड़ने व समाज की मुख्य धारा में लाने गृह ग्राम कुपना में दी गई प्रेरणा

शिक्षा ही विकास का प्रमुख आधार है समाज में अंतिम छोर के व्यक्तियों के रूप में आज भी पारधी (बहेलिया) जो कहीं न कहीं अपनी संस्कृति व सोच के चलते वर्तमान समय में शिक्षा के साथ-साथ समाज में मुख्य धारा में आज भी कहीं न कहीं अलग ही समस्याओं से जूझ रहे है इन्हें शिक्षा प्रदान करने के लिये खासकर छात्राओं को शिक्षा समय पर मिले वहीं बाल विवाह जैसी कुरूति से भी इन्हें प्रेरणा देते हुये समय पर बालिकाओं की शादियां हों ताकि परिवार न बिछड़े वहीं पूर्ण शिक्षा हो समाज में अंतिम छोर के व्यक्तियों में आज भी शिक्षा के माध्यम से ही जिन्हें समाज की मुख्य धारा में लाया जा सकता है जिसके लिये समय-समय पर जागरूकता की जरूरत।




पन्ना।

जिले में पारधी (बहेलिया) समाज जो कभी जंगलों में ही बसेरा करते थे शिकार इनका मुख्य व्यवसाय था जंगल से ही गुजर-बसर होती थी वहीं पन्ना टाइगर रिजर्व आने के बाद जब एक समय बाघ विहीन दास्तां बन गई तभी इस समाज की ओर भी तत्कालीन पन्ना टाईगर रिजर्व के संचालक श्री आर. निवास मूर्ति की सोच इन तक पहुंची जो जंगल में रहकर या जंगल के आस-पास डेरों में रहते थे जिनका मुख्य व्यवसाय जंगली जानवरों का शिकार करना था इनकी संस्कृति भी कहीं न कहीं जंगल और जानवरों पर ही विशेषतौर पर निर्भर थी उसी समय इन्हें समझाइस देकर गांवों की ओर निवास करने के लिये प्रेरणा दी गई। शिक्षा से भी जोड़ने के भी प्रयास किये गये बालक व बालिकाओं को अलग-अलग शिक्षा प्रदान करने के लिये पन्ना टाइगर रिजर्व से ही जहां शिक्षा का आरंभ इनके बच्चों के लिये कराया गया। उदाहरण के तौर पर आज भी कुंजवन बालिका छात्रावास जो वर्तमान में नेता जी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास के नाम से संचालित है इस बिल्डिंग का निर्माण पन्ना टाईगर रिजर्व के द्वारा ही उसी समय कराया गया था समय बदला वर्तमान में यह बिल्डिंग जिला शिक्षा केन्द्र को हस्तांतरित की गई जहां वर्तमान में नेता जी सुभाषचन्द्र बोस के नाम से अब बालिकाओं को शिक्षा प्रदान की जाती है पहले इस छात्रावास का नाम बहेलिया बालिका छात्रावास था जहां कक्षा 1 से ही पारधी (बहेलिया) समाज की छात्राओं को शिक्षा प्रदान करने के लिये कक्षा 8 तक का प्रावधान निहित किया गया था। वर्तमान में अब इस छात्रावास में सभी समाज की बालिकाओं को शिक्षा प्रदान की जाती है वहीं बहेलिया समाज की छात्रायें आज भी कक्षा 1 से पूर्व की तरह शिक्षा ग्रहण करने के लिये इस छात्रावास में अवासीय सुविधा व भोजन के साथ-साथ यहां शिक्षा ग्रहण करते है पर पारधी (बहेलिया) समाज में आज भी जहां छात्राओं को समय पर शिक्षा से जोड़ने के लिये इन्हें प्रेरणा देने के लिये भी जरूरत मानी जाती है। जिसको ध्यान में रखते हुये नेता जी सुभाषचन्द्र बोस बालिका छात्रावास के वार्डन द्वारा इनके गृह ग्राम कुपना जो पन्ना जिले की शाहनगर जनपद अंतर्गत आता है वहां पहुंचकर बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने के लिये तथा समय के साथ शिक्षा जो जरूरी है उसकी समझाइस दी गई। इतना ही नहीं जो छात्रायें शिक्षा से वंचित हो जाती है कई बार अपने घर पहुंचकर या तो वापस नहीं आती या तो उनका विवाह हो जाने से शिक्षा से वंचित हो जाती है समाज में समझाइस देने का कार्य जो जरूरी है वह भी प्रेरणा दी गई। गौरतलबबात यह है कि शिक्षा ही विकास का आधार है तथा अंतिम छोर के व्यक्तियों के समाज को लेकर यह समाज जानी जाती है जिन्हें शिक्षा के माध्यम से ही समाज की मुख्य धारा में लाने के लिये कार्य किया जा सकता है। इनकी संस्कृति अलग ही पूर्व से जानी जाती है इनकी आज भी पंचायतें होती है जहां समाज में कई तरह के स्वयं के निर्णय पंचायत के माध्यम से तय होते है। वहीं शिक्षा के माध्यम से इनकी सोच व इनके विकास को लेकर दिशा देने के लिये समाजिक संस्थायें भी कार्य करती है पर जरूरत है इस समाज के लोगों को व्यवसाय से जोड़ने के लिये क्योंकि तत्कालीन समय में जब यह शिकार करके गुजर-बसर करते थे अब शिकार भी बंद हो गया जमीन भी नहीं व्यवसाय की जरूरत कैसे हो गुजारा अपराध की दुनिया में भी यह लोग भी कहीं न कहीं लिप्त हो जाते है। काम की तलाश में महानगरों की ओर पलायन करते है परिवार कैसे चलता है इनकी दास्तायें अलग ही बयां करती है इन परिस्थितियों के चलते इनके बच्चे अधिकतर शिक्षा से वंचित रह जाते है या मध्य में ही शिक्षा छोड़कर अपनी पारिवारिक जिंदगी में पहुंच जाते है। इस समाज के विकास को लेकर सतत जहां इनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुये जहां-जहां इनके गांव है या डेरे है वहां जरूरत है कि इन्हें स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्रदान किये जायें तथा इन्हें भी जरूरत आज भी जमीन की प्रमुख मानी जाती है क्योंकि जमीन से ही लोगों की पहचान जुड़ी होती है सरकार के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के माध्यम से इन्हें आवंटन जमीन का भी कराया जाना चाहिये साथ ही शिक्षा तो विकास का आधार है ही जिनके लिये शिक्षा जरूरी है वहीं बाल विवाह जैसी कुरूती से समझाइस देकर इनकी संस्कृति में बदलाव लाने की जरूरत ताकि इनके परिवार भी अन्य समाज की तरह खुशहाल जिंदगी की राह तय कर सके।

## खबर संक्षेप

### शिविर लगाकर राशन वितरण के दिए निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर ऊषा परमार ने रविवार को केन बेतवा लिंक परियोजना अंतर्गत पन्ना तहसील के विस्थापित ग्राम कोनी एवं गहदरा का भ्रमण किया तथा परियोजना के तहत नवीन स्थल पर विस्थापित होने वाले प्रभावित परिवार के सदस्यों चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान नई गठित टीम द्वारा पुनः सर्वे के माध्यम से पात्रता मुताबिक सभी परिवार एवं सदस्यों को लाभान्वित करने की बात कही। जिला कलेक्टर ने समस्याओं के निराकरण तथा बेहतर पुनर्वास के दृष्टिगत प्रभावी कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही शासन के नियम मुताबिक विभिन्न प्रकार की क्षति पर मुआवजा वितरण के लिए कहा।





कलेक्टर श्रीमती परमार ने सुनवाई के दौरान आदिवासी बाहुल्य गांव के ग्रामवासियों को प्रस्तावित विस्थापन स्थल पर सभी मूलभूत सुविधाओं के विकास सहित स्कूल और पेयजल सुविधा तथा सामूहिक तौर पर रोजगारपरक गतिविधियों के लिए विभाग स्तर पर हरसंभव मदद प्रदान करने के बारे में अवगत कराया। उन्होंने सर्वे कार्य में लोगों से टीम का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि नए स्थान पर बसाहट में प्रशासन द्वारा पूर्ण सहयोग किया जाएगा। समय सीमा में गठित दल द्वारा हर घर में संपर्क कर एवं एक-एक आवेदन पर कार्यवाही की जानकारी दी गई। उन्होंने ग्रामवासियों से आग्रह किया कि किसी के बहकावे में न आएं और पैसे का सदुपयोग करें। चर्चा के दौरान ग्रामीणजनों ने अवगत कराया कि ग्राम में तीन माह से राशन का वितरण नहीं हुआ है। केवल अग्रिम तौर पर अंगूठा लगावाकर आगामी दिनों में खाद्यान्न वितरण की जानकारी दी गई है। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला कलेक्टर ने शिविर लगाकर शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न वितरण के लिए निर्देशित किया तथा मौके पर ही खाद्य विभाग के अधिकारी से दूरभाष पर संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई तथा जांच टीम भी गठित करने के लिए निर्देशित किया। ग्रामवासियों ने शासकीय भूमि पर विस्थापन सहित स्थानीय ढाबों पर शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की।

### 15 साल पुरानी बसों के मालिकों को नोटिस जारी

**कटनी।** परिवहन विभाग ने 15 वर्ष से अधिक पुरानी यात्री बसों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। कटनी जिले में पुरानी बसें चिन्हित की गई हैं, जिनके संचालकों को पंजीयन निरस्तीकरण के नोटिस जारी किए गए हैं।क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) द्वारा की गई जांच में सामने आया कि जिले में संचालित कई यात्री बसें निर्धारित आयु सीमा पार कर चुकी हैं। नियमों के अनुसार 15 वर्ष से अधिक पुरानी बसों का संचालन यात्रियों की सुरक्षा और परिवहन मानकों के अनुरूप नहीं माना जाता। परिवहन विभाग ने बस मालिकों को नोटिस जारी करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि समय सीमा समाप्त होने के बाद संबंधित वाहनों का पंजीयन निरस्त कर दिया जाएगा और सड़क पर संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## सड़क दुर्घटना में युवक बुरी तरह घायल प्राथमिक, उपचार के बाद रीवा रेफर



**पन्ना।** जिले के अमानगंज थाना अंतर्गत ग्राम द्वारी विक्रमपुर के बीच भीषण सड़क दुर्घटना हुई है जिसमें मोटरसाइकिल चालक को किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई तथा टक्कर मारने वाला वाहन भाग गया पीड़ति सड़क पर पड़ा रहा जिसे राहगीरों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज पहुंचाया गया अमानगंज में प्राथमिक उपचार के बाद पन्ना जिला चिकित्सालय लाया गया उसकी हालत गंभीर होने के चलते रीवा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है जानकारी के अनुसार अमानगंज थाना क्षेत्र के बमोरहा ग्राम निवासी राम सजीवन पिता मिट्ठू लाल उम्र 40 वर्ष मोटरसाइकिल से अपने गांव आ रहा था इस दौरान यह घटना घटित हुई है ज्ञात हो वर्तमान समय में प्रतिदिन लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है जिसमें लोगों की मौत हो रही है सड़क दुर्घटना रोकने के लिए पुलिस तथा प्रशासन को अभियान चला कर जागरूक करना चाहिए सिर्फ थानों के सामने एवं सड़क पर चेकिंग लगाकर चालान एवं वसूली में ही लगा रहना उचित नहीं है प्रत्येक माह जिला स्तर पर यातायात सड़क दुर्घटना नियम के संबंध में बैठक होती है लेकिन उक्त बैठकों के कोई सार्थक परिणाम नहीं निकलते हैं।

## प्राकृतिक जल स्रोतों की सफाई, झिरिया मरम्मत और पक्षियों के लिए सकोरों की व्यवस्था






**पन्ना।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत दक्षिण पन्ना वनमण्डल में वन्यजीवों एवं पक्षियों के लिए पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। विभिन्न वन परिक्षेत्रों में प्राकृतिक जल स्रोतों की सफाई, मरम्मत एवं संरक्षण के साथ-साथ छोटे-छोटे नवाचारों के माध्यम से भीषण गर्मी में वन्यजीवों को राहत प्रदान की जा रही है। शाहनगर रेंज में बीटगार्ड गजन्दा शिव प्रताप सिंह द्वारा जंगल में पक्षियों के लिए सकोरे रखवाकर पानी की व्यवस्था की गई है। रैपुरा रेंज के भरतला बीट में वनरक्षक रजनीश चौरसिया द्वारा सभी प्राकृतिक जल स्रोतों की व्यापक सफाई कर उन्हें पुनर्जीवित किया गया है। वहीं बघनरवा सुर्रा बीट में वनरक्षक सतीश द्विवेदी द्वारा झिरिया मरम्मत कार्य कर वन्यजीवों के लिए जल उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। मोहन्द्रा रेंज के मोतीडॉल बीट में वनरक्षक अरविंद कुमार विश्वकर्मा ने सुरक्षा कर्मियों के सहयोग से सौसर एवं झिरिया की साफ-सफाई कर वन्य प्राणियों के लिए पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ की है। इन सतत प्रयासों के माध्यम से दक्षिण पन्ना वनमण्डल में वन्यजीवों के लिए सुरक्षित एवं पर्याप्त जल उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं।

## आने वाला समय महिलाओं का है- बृजेंद्र प्रताप सिंह

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पन्ना में ऐतिहासिक रैली, धन्यवाद मोदी जी के साथ महिलाओं की बड़ी भागीदारी





**पन्ना।** महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण माने जा रहे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में पन्ना शहर में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं, छात्राओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे शहर में जागरूकता और उत्साह का माहौल देखने को मिला।श्री जुगल किशोर जी मंदिर प्रांगण में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने अपने विस्तृत और प्रभावी भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाया गया यह अधिनियम देश की महिलाओं को वास्तविक नेतृत्व देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि वर्षों से महिला आरक्षण की चर्चा होती रही, लेकिन इसे धरातल पर उतारने का कार्य अब संभव हो पाया है।अपने संबोधन में पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने विशेष रूप से पन्ना जिले का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां पहले से ही महिला सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण देखने को मिल रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, नगर पंचायत अध्यक्ष और जनपद पंचायतों में बड़ी संख्या में महिलाएं नेतृत्व की भूमिका में कार्य कर रही हैं। यही नहीं, जिले की प्रशासनिक व्यवस्था में भी महिलाओं की मजबूत भागीदारी हैकृचाहे कलेक्टर का पद हो या पुलिस अधीक्षक (कप्तान) का, दोनों जिम्मेदारियां महिलाओं के हाथों में हैं।उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि पन्ना केवल विचारों में नहीं, बल्कि कार्यों में भी महिला सशक्तिकरण का अग्रणी उदाहरण बन चुका है। बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने आगे कहा कि "नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति की शुरुआत है। जब लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, तब देश की नीतियों में महिलाओं की सोच, संवेदनशीलता और दूरदर्शिता भी शामिल होगी। इससे समाज में संतुलित और समावेशी विकास को गति मिलेगी।" आने वाला समय महिलाओं का है और अब महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी नेतृत्व क्षमता साबित कर रही हैं। इस अधिनियम के माध्यम से गांव से लेकर शहर तक की महिलाओं को राजनीति में आगे आने का अवसर मिलेगा।कार्यक्रम की शुरुआत में एक भव्य रैली निकाली गई, जो गांधी चौक से प्रारंभ होकर श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर, श्री वलदाऊ जी मंदिर, गोविंद जी मंदिर, बड़े बाजार, अजयगढ़ चौराहा, पुरानी कचहरी होते हुए श्री जुगल किशोर जी मंदिर पहुंची। रैली में महिलाओं की बड़ी भागीदारी रही, जिन्होंने नारी सशक्तिकरण का संदेश पूरे शहर में फैलाया।इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा, मीना राजे परमार, मीना विष्णु पांडे, शशि परमार, मोहिनी मिश्रा, सीता गुप्ता, पूनम यादव, संगीता राय, कविता रैकवार, निधि पटेरिया, शक्ति शर्मा, राजकुमारी लोधी, अनामिका विश्वकर्मा, अमृता खरे, कल्पना चौहान, आशा जड़िया, कमल लालवानी, कैलाश गुप्ता, राजेंद्र कुशवाहा,प्रदीप मजूमदार, राकेश चौबे, दीपेश व्यास, रत्नेश पटेरिया, संजय अहिरवार, रवि पांडे, राजकुमार वर्मा,सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## शासकीय हाईस्कूल गुखौर के दो छात्रों का म.प्र. की प्रतिभाशाली सूची में चयन





**देवेन्द्रगनर।** शासकीय हाई स्कूल गुखौर के दो छात्र मध्य प्रदेश की प्रवीण सूची में दिनांक 15 अप्रैल 2026 को माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा घोषित हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में शासकीय हाई स्कूल गुखौर के दो छात्र प्रवीण सूची में अपना स्थान दर्ज किया विद्यालय के छात्र आयुष तिवारी ने 500 में से 493 अंक अर्थात 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त करके मेरिट सूची में सातवां स्थान प्राप्त किया वहीं अवध बिहारी चौहान ने 490 अंक अर्थात 98ः प्राप्त करके दसवां स्थान प्राप्त किया गौरतलाप है कि दोनों छात्रों के माता-पिता मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं वहीं विद्यालय में कुल 73 छात्रों में से साथ छात्रों ने 90ः से अधिक अंक प्राप्त किए हैं विद्यालय का परीक्षा परिणाम 85ः रहा दोनों छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय की शिक्षकों व माता-पिता को दिया विद्यालय में पदस्थ सभी शिक्षक प्राचार्य गुप्ता जी गंगा प्रसाद पटेल अनुराधा पटेल शैलेंद्र कुमार जैन श्री कृष्ण कुमार शुक्ला मुकेश पांडे सत्येंद्र प्रजापति प्रज्जोत मिश्रा कुमारी रिचा व्यास ने विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की तथा सभी शिक्षकों सहित पूर्व प्राचार्य भरत प्रसाद शर्मा श्री राम लखन शुक्ला मुन्नीलाल प्रजापति व भूतपूर्व सरपंच दादू राम कुशवाहा वह सरपंच मोदी लाल वर्मा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## मुख्यमंत्री के नाम शिकायती पत्र, 10वीं की मेधावी छात्रा के साथ बड़ा अन्याय, 91ः के बाद भी इंटरनल में कटे अंक

देवेन्द्रनगर।

मध्य प्रदेश के पन्ना जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। देवेंद्रनगर निवासी 16 वर्षीय मेधावी छात्रा प्राची तिवारी ने आरोप लगाया है कि उसे जानबूझकर इंटरनल (प्रोजेक्ट) में कम अंक देकर उसकी मेरिट तोड़ने की साजिश की गई। प्राची तिवारी, जो कि शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा हैं, ने वर्ष 2025-26 की 10वीं बोर्ड परीक्षा में 91ः अंक हासिल किए हैं। लेकिन आरोप है कि इंटरनल मूल्यांकन में उसे मात्र 25 में से बेहद कम अंक दिए गए, जबकि अन्य छात्रों को 24-25 अंक प्रदान किए गए। इससे उसकी मेरिट सूची में स्थान प्रभावित हुआ। छात्रा का कहना है कि उसने पूरी मेहनत और लगन से पढ़ाई की थी, और उसका सपना आगे चलकर अपने करियर को ऊंचाई तक ले जाना है। लेकिन इस तरह के भेदभावपूर्ण मूल्यांकन ने उसके सपनों पर चोट पहुंचाई है। आवेदन में छात्रा ने विद्यालय के दो शिक्षकों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया और जानबूझकर उसके अंक कम किए। इस घटना को उसने अपनी सालभर की मेहनत के साथ "न्याय का खिलवाड़" बताया है। प्राची ने मुख्यमंत्री और शिक्षा विभाग से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी छात्र के साथ ऐसा अन्याय न हो।

### प्रशासन पर उठे सवाल

इस मामले के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। क्या मेधावी छात्रों के साथ इस तरह का व्यवहार उचित है? क्या इंटरनल मार्किंग में पारदर्शिता नहीं है?

### स्थानीय लोगों में आक्रोश

घटना के बाद स्थानीय स्तर पर भी आक्रोश देखा जा रहा है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह मामला बड़ा आंदोलन बन सकता है।

### अब नजरें प्रशासन पर

छात्रा ने अपने आवेदन की प्रतिलिपि कई वरिष्ठ अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को भेजी है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है। यह मामला सिर्फ एक छात्रा का नहीं, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की विश्वसनीयता का है। यदि समय रहते न्याय नहीं मिला, तो यह मुद्दा प्रदेशभर में गूंज सकता है।

## पन्ना के सारंग मंदिर से अजयगढ़ तक गूंजा सामूहिक विवाह का उत्सव, सैकड़ों जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



**पन्ना।** जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के तहत भव्य, गरिमामय और सामाजिक समरसता से परिपूर्ण सामूहिक विवाह सम्मेलनों का आयोजन उत्साह और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।पन्ना के सारंग मंदिर में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन से हुई, जहां खजुराहो के सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष माननीय वी. डी. शर्मा पूर्व मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा सहित कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखद एवं समृद्ध वैवाहिक जीवन की कामना की। इन आयोजनों ने न केवल नवदंपतियों के जीवन में नई शुरुआत का मार्ग प्रशस्त किया, बल्कि समाज में सहयोग, समानता और सेवा की भावना को भी सुदृढ़ किया।साथ ही अजयगढ़ के खनियां मंदिर प्रांगण में भी मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के अंतर्गत भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें 64 विवाह एवं 2 निकाह संपन्न हुए। इस आयोजन में पन्ना के लोकप्रिय विधायक माननीय बृजेंद्र प्रताप सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सीता सरोज गुप्ता, जिला जनपद उपाध्यक्ष संतोष यादव, हनुमंत प्रताप सिंह (रजऊ राजा), जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि मातादीन यादव, जनपद उपाध्यक्ष महबूब खान, उमेश खरे सहित अनेक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।अपने संबोधन में सांसद वी. डी. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है, जो बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण को नई दिशा देती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सामूहिक आयोजन समाज में एकता, समरसता और पारस्परिक सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी बेटी आर्थिक अभाव के कारण अपने विवाह जैसे पवित्र संस्कार से वंचित न रहे।अपने उद्बोधन में विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा, "जो काम करता है, उसी की पहचान बनती है।" उन्होंने योजना के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि इसका लाभ वास्तविक गरीब और पात्र परिवारों को ही मिलना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि पात्रता की सख्त जांच सुनिश्चित की जाए तथा प्रत्येक सम्मेलन में अलग-अलग पंचायतों के जरूरतमंद परिवारों को अवसर दिया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को योजना का लाभ मिल सके।कार्यक्रम में जिला जनपद पंचायत सीईओ उमराव सिंह मराबी, एसडीएम आलोक मार्को, तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, अजयगढ़ जनपद सीईओ सतीश सिंह, थाना प्रभारी हरिसिंह ठाकुर सहित राजस्व, पुलिस एवं जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने में प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर एवं निराश्रित परिवारों की कन्याओं को विवाह हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह योजना न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देती है, बल्कि बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और सम्मान की भावना को भी सशक्त करती है।यह आयोजन एक सामाजिक उत्सव के रूप में सामने आया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और समाज के सभी वर्गों की भागीदारी ने इसे यादगार बना दिया। नवदंपतियों के चेहरे पर खुशी और परिजनों की संतुष्टि इस बात का प्रमाण थी कि ऐसे आयोजन समाज में वास्तविक परिवर्तन लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

**खबर संक्षेप**



## निर्माण विवाद में खूनी झड़प, तीन घायल

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के मातवाना मोहल्ले में घर के निर्माण कार्य को लेकर दो पक्षों में जोरदार विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट शुरू हो गई, जिसमें रामनारायण अहिरवार, उनका बेटा शिवम और पत्नी घायल हो गए। रामनारायण अहिरवार ने सिटी कोतवाली थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह अपने मकान का निर्माण कार्य करा रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले कैलाश और उनके परिजनों ने अचानक गाली-गलौज शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर कैलाश पक्ष के लोगों ने ईंट उठाकर रामनारायण अहिरवार के सिर पर मार दी। इसके बाद उन्होंने उनके बेटे शिवम और पत्नी के साथ भी जमकर मारपीट की। तीनों घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है और आरोपी कैलाश एवं उनके परिजनों की तलाश की जा रही है।

## कन्या महाविद्यालय में पोषण वाटिका का आयोजन

**कटनी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में मिशन लाईफ के अंतर्गत पोषण वाटिका (न्यूट्रिशन गार्डन) का सफल आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में तुलसी, मीठी नीम, पुदीना आदि औषधीय एवं पोषक पौधों को रोपा गया। पौधारोपण के दौरान कम्पोस्ट खाद का उपयोग किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण और पोषण सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात, समिति प्रभारी डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, समिति सदस्य डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. अपर्णा मिश्रा, कुमारी शिल्पी सिंह, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विमला मिंज, डॉ. अमिताभ पाण्डेय, प्रो. के.जे. सिन्हा, प्रो. बंदना मिश्रा, डॉ. रंजना वर्मा, डॉ. अनिल द्विवेदी सहित समस्त स्टॉफ एवं छात्राएं उपस्थित रहीं। यह गतिविधि छात्राओं में स्वस्थ जीवनशैली, पर्यावरण संरक्षण एवं पोषण के महत्व को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सार्थक कदम साबित हुई।

## 25 लोगों से वसूल किया गया 6600 रुपये जुर्माना

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन द्वारा नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था के मद्देनजर दो शिफ्ट के माध्यम से नगर की सफाई व्यवस्था के प्रयास किये जा रहे है, वहीं सफाई नियमों का उल्लंघन कर सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माने की कार्यवाही भी की जा रही है। इसी श्रृंखला में निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर 6 हजार 600 रुपये के जुर्माने की कार्यवाही की गई।

## ईव्हीएम के जिलास्तरीय वेयर हाउस का निरीक्षण 30 अप्रैल को

**कटनी।** ईव्हीएम और व्हीव्हीपीएटी के जिलास्तकरीय वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण गुरूवार 30 अप्रैल को शाम 5 बजे किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाम्बार मिश्रा ने जिले के मान्यंता प्राप्तय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों से निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन कार्यालय के सामान्या निर्वाचन में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

# दर्द बना आक्रोश: युवकों की मौत के बाद सड़क पर शव रखकर विरोध



**गढ़ीमलहरा।** शनिवार को स्थानीय सचिन गैरेज में हुए हादसे में दो युवकों की मौत का मामला रविवार को तनावपूर्ण हो गया। मृतक अरमान खान और गुलाब अनुरागी के परिजनों व ग्रामीणों ने दोपहर करीब दो बजे गढ़ी मलहरा तिराहे पर दोनों के शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। जाम के चलते तीनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। भीषण गर्मी के बीच फंसे लोग सड़क किनारे दुकानों की छांव में शरण लेने को मजबूर नजर आए।

जाम खुलवाने के लिए गढ़ी मलहरा-महाराजपुर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और परिवार वालों को हर संभव मदद तथा निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। इसके बावजूद परिजन जाम खोलने को तैयार नहीं हुए और उन्होंने पुलिस अधीक्षक को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे।

कुछ देर बाद एसडीओपी नौगांव अमित मेश्राम भी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने परिवार वालों को शांत रहने की अपील की और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया, लगभग साढ़े तीन बजे एसडीओपी के आश्वासन पर परिजन माने और जाम खुल सका। एसडीओपी ने बताया कि परिजनों ने जो मांग की है उस पर पुलिस ने जांच का भरोसा दिया है साथ ही पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाही की जाएगी।

### क्या था मामला

गढ़ीमलहरा निवासी सचिन पटेल के बिल्डिंग गैराज में पानी के टैंक के अंदर उतरकर दोनों युवक अरमान खान और गुलाब अनुरागी पुताई का काम कर रहे थे तभी परिजनों को शनिवार दोपहर करीब साढ़े 4 बजे सूचना मिली कि दोनों युवक टैंक के अंदर बेहोश पड़े हैं। गैराज मालिक सचिन पटेल दोनों को अपनी गाड़ी से एक प्राईवेट अस्पताल लेकर पहुँचे, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शवों को जिला अस्पताल लाया गया। प्रत्यक्षदर्शियों और अस्पताल स्टाफ के मुताबिक, दोनों युवकों के शरीर पूरी तरह अकड़ चुके थे और त्वचा काली पड़ गई थी। मृतक अरमान के भाई सलमान ने बताया था कि अरमान ई-रिक्शा चलाता था और गुलाब डेंटिंग-पेंटिंग का काम करता था। दोनों दोस्त थे और गैराज में पानी के टैंक के अंदर उतरकर पुताई (पेंटिंग) का कार्य कर रहे थे। अस्पताल में जांच के दौरान मृतकों के शरीर पर, विशेषकर अरमान के हाथों पर, गंभीर रूप से झुलसने के निशान मिले हैं।



## नई सड़क के निर्माण कार्य से लोगों का जीना किया दूभर

**छतरपुर।** जिले के चंदला से चंदपुरा तक बन रही नई सड़क ने नगरवासियों को जाम से निजात दिलाने के बजाय एक नए नरक में झोंक दिया है। निर्माण कार्य शुरू होते ही इलाके में धूल के गुबार छाने लगे हैं, जिससे आम जनता का सांस लेना मुश्किल हो गया है। प्रशासन की अदूरदर्शिता का आलम यह है कि मुख्य मार्ग पर घंटों भीषण जाम लग रहा है, लेकिन इसे नियंत्रित करने के लिए कोई वैकल्पिक इंतजाम नहीं किए गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद यदि चाहती, तो बछौन तिराहा से बड़ी फील्ड तक पड़े बाईपास मार्ग को दुरुस्त कर यातायात डायवर्ट किया जा सकता था, लेकिन जिम्मेदारों ने इसे जरूरी नहीं समझा। वहीं, एमपीआरडीसी ने बस स्टैंड तक सड़क किनारे खुदाई कर समस्या को और विकराल बना दिया है। मुख्य सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहन और बेलगाम वाहन चालकों की मनमानी के कारण जाम का अंतहीन सिलसिला जारी है। निर्माण स्थल और बस स्टैंड के पास ट्रैफिक को संभालने के लिए पुलिस बल की तैनाती न होने से अव्यवस्था और बढ़ गई है। लोग बेहाल सड़कों पर भटकने को मजबूर हैं।

## मूलभूत सुविधाओं का अभाव: भीषण गर्मी में यात्रियों की बढ़ी परेशानी



**चंदला।** चंदला का अंतरराज्यीय बस स्टैंड इन दिनों बेहद बदहाल स्थिति का शिकार है। सुविधाओं के अभाव में यहां से गुजरने वाले यात्री भीषण गर्मी में बेहाल हो रहे हैं। नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड पर लगाया गया ठंडा पानी का क्रूजर अब पूरी तरह खराब हो चुका है और इसमें गर्म पानी ही निकल रहा है। इससे यात्रियों की प्यास बुझने की बजाय और बढ़ जाती है। बस स्टैंड पर यात्री प्रतीक्षालय की भी भारी कमी है। तपती दोपहर की धूप में यात्रियों के सिर पर छाया करने के लिए कोई छत या शेड नहीं है। मजबूरी में यात्री इधर-उधर भागते हैं या आसपास की दुकानों के बाहर खड़े होकर छाया ढूंढते हैं, जहां उन्हें अक्सर दुत्कार का सामना करना पड़ता है। गर्मी के इस मौसम में बस स्टैंड पर न तो पीने का ठंडा पानी उपलब्ध है और न ही प्रतीक्षा करने के लिए उचित छाया। इससे महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग यात्री सबसे ज्यादा परेशान हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस स्टैंड की यह दयनीय स्थिति कई महीनों से बनी हुई है, लेकिन नगरपालिका की ओर से कोई सुधार नहीं किया जा रहा है।

## खेत में पानी देने को लेकर विवाद, लाठी-डंडों से मारपीट में पिता-पुत्र सहित मां घायल



**छतरपुर।** बड़ामलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम महाराजगंज में खेत पर पानी लगाने के दौरान हुई विवाद को लेकर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से मारपीट का मामला सामने आया है। इस घटना में पिता-पुत्र और मां समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छतरपुर जिला अस्पताल के ट्रोमा वार्ड में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

घायलों की पहचान बृजेश कुशवाहा (28 वर्ष), उनके पिता रामदीन कुशवाहा (51 वर्ष) और मां श्याम बाई कुशवाहा (48 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों निवासी ग्राम महाराजगंज, थाना बड़ामलहरा हैं।

घायल बृजेश कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि आज सुबह करीब 5 बजे वह अपने खेत में उड़द की फसल में पानी लगा रहा था। इसी दौरान गांव के ही परमलाल, छुट्टन, धनप्रसाद और रामदयाल उसके खेत पर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए पूछने लगे कि तुमने हमारा पाइप क्यों निकाला है। बृजेश ने जवाब दिया कि उसने उनका पाइप नहीं निकाला है। इतना कहते ही चारों आरोपियों ने लाठी, डंडे और लोहे की रॉड से उन पर और उनके परिवार पर हमला कर दिया। मारपीट इतनी तेज थी कि पिता-पुत्र और मां तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल तीनों अपने निजी वाहन से बड़ामलहरा थाने पहुंचे और वहां अपनी शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार बड़ामलहरा अस्पताल में करवाया। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद तीनों घायलों को बेहतर इलाज के लिए छतरपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वर्तमान में तीनों घायल छतरपुर जिला अस्पताल के ट्रोमा वार्ड में भर्ती हैं और उनका उपचार जारी है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मारपीट और गाली-गलौज का मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है।

# गेहूं से लदे ट्रक का टायर फटने से लगी भीषण आग, चालक ने कूदकर बचाई ज़ान

### दमकल ने आग पाया काबू, 30 टन गेंहू लादकर रुड़की जा रहा था ट्रक



**हरपालपुर।** नगर के राजपूत कॉलोनी तिराहे पर शनिवार रात करीब 8 बजे एक भीषण आग की घटना ने लोगों को चौंका दिया। 30 टन गेहूं से लदा एक ट्रक चलते-चलते अचानक आग की चपेट में आ गया। टायर फटने से निकली चिंगारी डीजल टैंक तक पहुंच गई, जिससे ट्रक में भीषण आग लग गई।

ट्रक में लदा लाखों रुपये का गेहूं प्लास्टिक की बोरी में भरा था, जो आग की वजह से पिघल गया। ट्रक का केबिन पूरी तरह जलकर खाक हो गया। गनीमत रही कि आग को समय पर काबू में कर लिया गया, वरना पूरा गेहूं जलकर राख हो जाता।

ट्रक ड्राइवर ने अपनी जान बचाने के लिए ट्रक से कूद लिया। ड्राइवर ने बताया कि वह हर हर महादेव फर्म से गेहूं लादकर रुड़की जा रहा था। राजपूत कॉलोनी तिराहे पर टर्न लेते समय ट्रक का अगला टायर फट गया। टायर फटने से निकली चिंगारी डीजल टैंक तक पहुंच गई और आग भड़क उठी। आग लगते ही ड्राइवर तुरंत कूद गया। आसपास के लोगों ने भी मोटर पंप चलाकर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया।

आग की सूचना मिलते ही नगर परिषद हरपालपुर की फायर ब्रिगेड और पीसीआर 112 की टीम मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने करीब 20 मिनट की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। थाना पुलिस की टीम भी तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को संभाला। आग बुझने के बाद ट्रक में लदा गेहूं दूसरे ट्रक में लादा जा रहा था। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

## छतरपुर में आसमान से गिर रही आग, तापमान 42 डिग्री पार

### लू की तेज हवा ने लोगों को घरों में कैद कर दिया, राहगीर बेहाल

**छतरपुर।**



बुंदेलखंड की धरती इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है। अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे आसमान से आग बरस रही है। तेज लू चलने के कारण लोग घरों से कम निकल रहे हैं और दिनचर्या बुरी तरह प्रभावित हो गई है।

सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। जो लोग मजबूरी में बाहर निकल रहे हैं, वे भी तेज धूप और लू से बेहाल नजर आ रहे हैं। राहगीर मूलचंद पटेल ने बताया, बहुत तेज लू चल रही है। लोगों को घर से निकलने में काफी परेशानी हो रही है। दिन भर घूमना पड़ता है इसलिए ज्यादा से ज्यादा पानी पी रहे हैं और सुरक्षा के लिए तौलिया लेकर घर से निकल रहे हैं।

शहर के बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर भी भीड़ पहले से काफी कम दिख रही है। लोग सुबह-सुबह या शाम को ही जरूरी काम निपटाने की कोशिश कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने भी गर्मी से बचाव के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है।

### हिंदू उत्सव समिति ने रखी पानी की टंकी, टांगे सकोरे

### मोटे के महावीर मंदिर प्रांगण से शुरू हुआ अभियान

## भगवान परशुराम का अभिषेक कर शुरू किया पशु पक्षी पेयजल अभियान



**छतरपुर।** मोटे क्षेत्र स्थित महावीर मंदिर प्रांगण में हिंदू उत्सव समिति द्वारा भगवान परशुराम के अभिषेक और विधि-विधान से पूजन के साथ हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने सामाजिक अभियान बेजुबानों की प्यास बुझाने वाले पशु पक्षी पेयजल अभियान की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान परशुराम की आरती के बाद सभी ने समाज सेवा के इस संकल्प में भागीदारी निभाई।

समिति अध्यक्ष पवन मिश्रा ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए हर साल की भांति इस वर्ष भी समिति का पशु पक्षी पेयजल अभियान विधि विधान पूजा अर्चना के साथ शुरू किया गया है। शहर के मोटे के महावीर मंदिर प्रांगण में स्थित भगवान परशुराम की मूर्ति का वैदिक पद्धति से विद्वान ब्राह्मणों की उपस्थिति में अभिषेक और पूजन किया गया इसके बाद पशुओं के लिए पानी की टंकी रखकर उसमें पानी भरा गया। वहीं पक्षियों के लिए जगह-जगह सकोरे टांगे गए, जिससे वे आसानी से पानी पी सकें। बढ़ती गर्मी में पशु-पक्षियों को पानी उपलब्ध कराना एक बड़ा पुण्य कार्य है। इस अभियान को पूरे गर्मी के मौसम में लगातार चलाया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने शहरवासियों से भी अपील की कि वे अपने घरों के बाहर पानी के बर्तन रखें और जीव-जंतुओं की सेवा में सहयोग करें। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने इस अभियान को सफल बनाने और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोडऩे का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्रभा वैद्य, जगत नारायण पाठक, कृपा शंकर महाराज, बृजकिशोर तिवारी, शैलेंद्र मिंटू तिवारी, सुदीप पांडे, प्रकाश बाबू पांडे, हरि शंकर लोहिया, पूर्ण दत्त चतुर्वेदी दीपू, पं. बृजगोपाल तिवारी, मनोज पाठक, अनुजय पाठक, नारी शक्ति की संयोजक बरखा मिश्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 12 वर्षीय सतीश रजक गंभीर रूप से घायल, तेज रफ्तार कार ने दी टक्कर



खेत से घर लौटते समय हुआ हादसा, छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती

**छतरपुर।** ग्राम अनगौर के 12 वर्षीय सतीश रजक को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया है। वह वर्तमान में छतरपुर जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती है। घटना की जानकारी देते हुए परशुराम रजक ने बताया कि उनका पुत्र सतीश रजक अपने खेत से घर लौट रहा था। इसी दौरान सड़क पर चलते समय सामने से तेज रफ्तार में आ रही आईजी के वाहन के आगे चल रहे फॉलोगार्ड वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर की इतनी तेज थी कि बच्चा हवा में उछलकर गिर पड़ा। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत घटना की सूचना परिजनों को फोन पर दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस वाहन की मदद से घायल बच्चे को छतरपुर जिला अस्पताल ले आए। वहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर रोशन द्विवेदी ने प्राथमिक उपचार दिया और बच्चे को ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कर लिया। बच्चे के पिता परशुराम रजक ने बताया कि घटना के समय सतीश खेत से अकेला घर आ रहा था। हादसे के बाद बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है।

## सटई में सम्पन्न हुआ थाना दिवस,15 आवेदन आए, मौके पर ही निपटे कई जमीनी विवाद



**सटई।** जिला कलेक्टर पार्थ जायसवाल और पुलिस अधीक्षक अगम जैन के निर्देश पर थाना सटई परिसर में थाना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से क्षेत्रवासियों की भूमि संबंधी समस्याएं सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया।

कार्यक्रम में नायब तहसीलदार इंद्र कुमार गौतम, थाना प्रभारी सुनीता विदुआ, राजस्व निरीक्षक तथा विभिन्न हल्का पटवारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने सीमांकन, बंटवारा, नामांतरण और अवैध कब्जे से जुड़े अपने विवाद सामने रखे।

थाना प्रभारी सुनीता विदुआ और नायब तहसीलदार इंद्र कुमार गौतम ने बताया कि थाना दिवस के दौरान 12 से 15 लिखित आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से कई आवेदनों का दस्तावेजों की जांच के बाद तुरंत निराकरण कर दिया गया, जबकि शेष आवेदनों को जांच में लेकर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।

ग्रामीणों ने एक ही छत के नीचे पुलिस और राजस्व अधिकारियों से समाधान मिलने पर राहत व्यक्त की। उन्होंने कहा कि थाना दिवस से उनका समय और पैसा दोनों बच गया, अन्यथा उन्हें तहसील और थाने के अलग-अलग चक्कर

## संयुक्त संचालक ने किया जिले के वेयर हाउसों का औचक निरीक्षण



**छतरपुर।** शनिवार को संयुक्त संचालक मण्डी बोर्ड संभाग सागर आरपी चक्रवर्ती ने जिले के विभिन्न वेयर हाउसों का औचक निरीक्षण करते हुए स्टॉक की जानकारी ली। ताकि आने वाले समय में गेहूं उपार्जन और भावांतर के तहत की जाने वाली खरीदी में कोई कतिपय तत्व सेंध न लगा सके। छतरपुर के दौरे पर आए संयुक्त संचालक आरपी चक्रवर्ती ने बताया कि संभाग के मण्डी क्षेत्रों के वेयर हाउसों की जांच करने के लिए 12 सदस्यीय टीम बनाई गई है जो संभाग के विभिन्न जिलों के मण्डी क्षेत्र अंतर्गत आने वाले वेयर हाउसों में रखे गेहूं की जांच करेगी और देखेगी की वर्तमान समय में उनमें कितना गेहूं और सरसों का भण्डारण है। उन्होंने बताया कि कुछ लोग शासन के द्वारा बनाई गई कृषक हितकारी योजनाओं में सेंध मारने की कोशिश करते हैं और इन वेयर हाउसों में अपना भण्डारण कर विक्रय करने का प्रयास करते हैं। बिचौलियों की ऐसी कोशिश को नाकाम करने के लिए शासन और प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। इसी क्रम में टीम के द्वारा छतरपुर के श्री वी पी वेयरहाउस पार्ट 1 पन्ना रोड हाइवे गेहूं 3756 क्विंटल, श्री वी पी वेयरहाउस पार्ट 2-4772 क्विंटल गेहूं एवं सरसों 472क्विंटल, श्री शिवाय वेयरहाउस पन्ना रोड गेहूं 15637, सरसों 619, अग्रसेन वेयर हाउस में गेहूं 1233 , सरसों 197 क्विंटल, सीताराम वेयरहाउस बाईपास रोड गेहूं 35351क्विंटल, सरसों 665 क्विंटल सामग्री रखी पाई गई।

## खबर संक्षेप

### पीएनजी गैस कनेक्शन के लिए लगाये जा रहे जागरूकता शिविर

रीवा। घरों में खाना पकाने के लिए सिलेण्डर से मिलने वाली एलपीजी गैस का उपयोग किया जाता है। इसके बेहतर विकल्प के रूप में पीएनजी यानि पाइप्ड नेचुरल गैस के कनेक्शन रीवा शहर के कई मोहल्लों में दिये जा रहे हैं। पीएनजी गैस कनेक्शन लेने के बाद सिलेण्डर लेने की परेशानी समाप्त हो जाती है। पीएनजी गैस पूरी तरह से सुरक्षित है। पीएनजी गैस कनेक्शन देने के लिए रीवा शहर में विभिन्न मोहल्लों मे जागरूकता शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों के लिए प्रभारी अधिकारी तैनात किये गये हैं। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि जागरूकता शिविर के लिए पीएनजी गैस कनेक्शन देने वाली कंपनी के प्रतिनिधि युवराज यादव, विकास कुशवाहा तथा सचिन मिश्रा को तैनात किया गया है। नगर निगम के वार्ड प्रभारी शिविरों के लिए नोडल अधिकारी बनाये गये हैं। जागरूकता शिविर 20 अप्रैल को अनंतपुर, 21 अप्रैल को अरूण नगर, 24 अप्रैल को इन्दिरा नगर, 28 अप्रैल को द्वारिका तथा 25 अप्रैल को रवीन्द्र नगर में लगाये जायेंगे। नोडल अधिकारी कंपनी के कर्मचारियों के साथ में शिविर स्थल के आसपास के सभी घरों में जाकर पीएनजी गैस कनेक्शन की जानकारी दें। पीएनजी गैस कनेक्शन से संबंधित हैण्ड बिल पर्चे आदि का भी घर-घर जाकर वितरण करायें। शिविर के बाद गैस कनेक्शन की आवेदन की जानकारी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

### मऊगंज अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव



मऊगंज। जिला अस्पताल मे आठ लाख की आबादी को उच्च चिकित्सा उपलब्ध का दायित्व है लेकिन जिला अस्पताल में कई विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव है जिससे आठ लाख की आबादी उच्च चिकित्सा सुविधाओं से बंचित हो रही है। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता गणों ने जनप्रतिनिधियों व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से शासकीय अस्पताल मऊगंज में सभी विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की अतिशीघ्र पदस्थापना किए जाने व कराए जाने की विनम्र गुजारिश की है।उक्त मांग करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता गणों में अधिवक्ता संघ मऊगंज के पूर्व उपाध्यक्ष शिव शंकर मिश्र, बरहटा, मऊगंज, मध्यप्रदेश व अधिवक्ता संघ मऊगंज के पूर्व उपाध्यक्ष ममनून सिद्दीकी एड मऊगंज व वरिष्ठ अधिवक्ता सानंत विश्वकर्मा ने की है व कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होने वावत सभी विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की अतिशीघ्र पदस्थापना किए जाने की गुजारिश की है।

### मनरेगा में फर्जीवाड़ा उजागर

रीवा। जिले में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के क्रियान्वयन में एक बार फिर गंभीर अनियमितता उजागर हुई है। मामले का खुलासा तब हुआ जब ग्राम निवासी शिवानंद द्विवेदी ने सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर गठित जांच टीम ने जब मौके पर पहुंचकर दस्तावेजों और वास्तविक स्थिति का मिलान किया, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। जांच में पाया गया कि ग्राम के किसान मुरलीधर पटेल के खेत में मनरेगा के तहत तालाब निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ था। किसान ने इस कार्य को बाहरी मजदूरों की मदद लिए बिना अपने परिवार के साथ मिलकर पूरा किया। ग्रामीणों के अनुसार, पूरे निर्माण कार्य के दौरान किसी अन्य व्यक्ति को मजदूरी करते नहीं देखा गया।इसके विपरीत, पंचायत स्तर पर तैयार किए गए अभिलेखों में आंगनवाड़ी सहायिका रामवती साकेत के नाम से फर्जी मास्टर रोल दर्ज किया गया।

## समझाने पहुंचे मामा पर लाठी-डंडों से पीटकर हत्या, जिले के वीरपुर गांव में सनसनीखेज वारदात

# शादी से नाराज भांजे ने मामा को उतारा मौत के घाट

जिले के जवा तहसील अंतर्गत पनवार थाना क्षेत्र के ग्राम वीरपुर में रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक हृदयविदारक घटना सामने आई है। जहां एक भांजे ने मामूली पारिवारिक विवाद के चलते अपने ही मामा की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी।

रीवा।



इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, वीरपुर निवासी अरुण कोल पिछले कुछ दिनों से अपने माता-पिता के साथ विवाद कर रहा था। बताया जा रहा है कि उसके मामा राम सुजान कोल ने उसकी शादी तय कर दी थी, जिससे वह नाखुश था। इसी बात को लेकर घर में लगातार तनाव बना हुआ था और आए दिन विवाद की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। घटना वाले दिन भी अरुण कोल अपने माता-पिता से झगड़ा कर रहा था। इसी दौरान विवाद की सूचना मिलने पर मामा राम सुजान कोल अपने भांजे को समझाने उसके घर पहुंचे। लेकिन हालात इतने बिगड़ चुके थे कि समझाइश देना उन्हें भारी पड़ गया। जैसे ही मामा घर पहुंचे, आरोपी भांजा आक्रोशित हो उठा और उसने लाठी-डंडों से उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोट लगने से राम सुजान कोल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।घटना की सूचना मिलते ही पनवार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, वहीं आरोपी की तलाश के लिए पुलिस द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपी की तलाश के लिए टीम गठित कर दी गई है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।पहले भी दे चुका था धमकी, पुलिस ने नहीं की कार्रवाईमामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया जब मृतक के परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। परिजनों का कहना है कि दो दिन पहले ही आरोपी अरुण कोल ने अपने माता-पिता से विवाद के दौरान घर में आग लगाने का प्रयास किया था और उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। इस संबंध में पनवार थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी, लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। परिजनों का आरोप है कि यदि समय रहते पुलिस कार्रवाई करती, तो आज यह दुखद घटना टाली जा सकती थी।

## बीती देर रात नशीली कफ सिरप की डिलीवरी देने पहुंचे थे तस्कर, पुलिस को देख कार छोड़कर फरार



### प्लास्टिक बोरियों में भरी लाखों की कफ सिरप बरामद,लग्जरी कार जब्त

रीवा।

शहर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रीवा सिविल लाइन पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जोन आईजी गौरव राजपूत के निर्देश पर संचालित ऑपरेशन प्रहार के तहत शनिवार देर रात पुलिस ने नशीली कफ सिरप की बड़ी खेप को बरामद किया है। कार्रवाई के दौरान तस्कर पुलिस की भनक लगते ही लग्जरी कार मौके पर छोड़कर फरार हो गए, जबकि पुलिस ने मौके से लाखों रुपये मूल्य की कफ सिरप की शीशियां और वाहन जब्त कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाना प्रभारी विजय सिंह अपनी टीम के साथ रात्रि गश्त पर थे। इसी दौरान कबाड़ी मोहल्ले से सटे क्षेत्र में एक संदिग्ध कार खड़ी होने की सूचना मिली। पुलिस टीम जैसे ही मौके पर पहुंची और जांच शुरू की, कार में सवार तस्करों को संदेह हो गया और वे अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस द्वारा मौके की तलाशी लेने पर प्लास्टिक की बोरियों में भारी मात्रा में नशीली कफ सिरप की शीशियां बरामद हुईं। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि बरामद सामग्री प्रतिबंधित श्रेणी की कफ सिरप है, जिसका उपयोग नशे के रूप में किया जाता है। जब्त खेप की कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने मौके से तस्करी में प्रयुक्त लग्जरी कार को भी जब्त कर लिया है। बता दे तस्कर आधी रात को नशे की खेप की डिलीवरी देने पहुंचे थे। पुलिस की सतर्कता के चलते उनका नेटवर्क एक बार फिर बेनकाब हो गया। फिलहाल पुलिस जब्त वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुटी हुई है। साथ ही घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, ताकि फरार तस्करों के मूवमेंट का पता लगाया जा सके।

# प्रथम पुण्यतिथि पर समाजवादी योद्धा नरेंद्र प्रताप सिंह याद किए गए

### अभावों का जीवन जीना पसंद किया लेकिन कभी सत्ता की चकाचौंध के पीछे नहीं भागे नरेंद्र प्रताप सिंह : अजय खरे

रीवा ।



विंध्य क्षेत्र के समाजवादी योद्धा विचारक स्वर्गीय नरेंद्र प्रताप सिंह की प्रथम पुण्यतिथि के पावन अवसर पर नारी चेतना मंच, समता सम्पर्क अभियान, विंध्यांचल जन आंदोलन एवं समाजवादी कार्यकर्ता समूह के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय मानस भवन के सभागार में बीते शनिवार एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन नारी चेतना मंच की वरिष्ठ नेत्री डॉ श्रद्धा सिंह एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत में नरेंद्र प्रताप सिंह जी के चित्र पर उनके पुत्र सौरव सिंह सहित उपस्थित जनों ने पुष्पांजलि अर्पित की।संगोष्ठी को प्रमुख रूप से संबोधित करते हुए समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि एक साल पहले ब्रेन हेमरेज के चलते समाज के लिए निरंतर संघर्ष एवं चिंतनशील रहने वाले नरेन्द्र प्रताप सिंह का आकस्मिक निधन होने से भारी सूनापन आज भी महसूस होता है। कहीं भी अन्याय अत्याचार होता था नरेंद्र प्रताप सिंह उसके खिलाफ एक सशक्त आवाज बन जाते थे। अभावों का जीवन जीते हुए उन्होंने आजीवन सिद्धांत की राजनीति की। उनके आवा गमन का साधन पुरानी साईकिल रहती थी। कांग्रेस के शासनकाल से लेकर वर्तमान भाजपा के शासन व्यवस्था को चुनौती देते हुए उन्होंने हमेशा शोषित वर्ग की आवाज को बुलंद किया। जय स्तंभ बचाओ आंदोलन में भी वह सक्रिय रहे। सन 2013 में उन्हें जिला प्रशासन ने नरेंद्र नगर से मनमाने तरीके से बेघरवार कर दिया गया था। शासन ने उनकी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं बनाई। काफी कष्ट उठाने के बाद घोघर मोहल्ले में किसी तरह उनके परिवार का रहने का ठिकाना बन पाया। उन्होंने अभावों का जीवन जीना पसंद किया लेकिन कभी सत्ता की चकाचौंध के पीछे भागना पसंद नहीं किया।विंध्य भारत के सलाहकार संपादक विमल कांत मिश्रा ने नरेन्द्र प्रताप सिंह को याद करते हुए कहा कि वह सादा जीवन उच्च विचार के धनी रहे। समाजवादी विचारों सिद्धांतों के प्रति अटूट निष्ठा को लेकर वह निरंतर चलते रहे। विषम से विषम परिस्थितियों में भी कभी समझौता नहीं किया। उन्होंने कभी किसी के सामने हाथ फैलाने का काम नहीं किया। स्थानीय संजय गांधी चिकित्सालय में उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया लेकिन बेहतर इलाज के लिए प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस व्यवस्था संभव नहीं हुई। स्पष्टवादी होने के कारण गलत लोग उनसे दूर हो जाते थे। लेकिन सच बोलने से वह कभी नहीं चूकते थे। संपन्न कार्यक्रम में अजय खरे इंद्रमणि सिंह एडवोकेट नरेश गुप्ता एडवोकेट सलाहकार संपादक विमल कांत मिश्रा दिनेश सेन एडवोकेट, नारी चेतना मंच की नेत्री नजमुननिशा, डॉ श्रद्धा सिंह एडवोकेट, शैलजा तिवारी, विधि छात्रा दुर्गा साकेत, रामकली साकेत, सौरव सिंह,परिवर्तन पटेल सुंदरलाल वर्मा आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## मातृ मृत्युदर एवं शिशु मृत्युदर को कम करने में सभी की सहभागिता आवश्यक - उप मुख्यमंत्री

### यूनिसेफ एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वाधान में धर्म गुरूओं के साथ संवाद कार्यक्रम संपन्न

रीवा ।



उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मातृ मृत्युदर एवं शिशु मृत्युदर को कम करने में सभी की सहभागिता आवश्यक है। हम सबको संकल्प लेना है कि युद्ध स्तर पर कार्य करते हुए कोई कसर छोड़नी नहीं है। उन्होंने कहा कि धर्म गुरूओं का दायित्व है कि वे समाज को जागरूक करें ताकि प्रदेश एवं रीवा जिले में शिशु मृत्युदर व मातृ मृत्युदर में अपेक्षित कमी लाई जा सके। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में यूनिसेफ, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वाधान में धर्म गुरूओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज को दिशा देने का कार्य धर्म गुरू करते हैं वह आध्यात्म व संस्कार की शिक्षा देते हैं इसी लिए आप सबसे अपेक्षा है कि समाज को जागरूक करें और लोगों को प्रेरित करें कि गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच हो और उनका स्वास्थ्य बेहतर रहे ताकि वे स्वस्थ बच्चे को जन्म दें। शुक्ल ने कहा कि रीवा जिले में मातृ मृत्युदर को 159 से कम करते हुए 70 पर तथा शिशु मृत्युदर को 43 से कम करते हुए 20 पर लाये जाने का संकल्प सभी के सहयोग से पूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोविन की जांच नियमित रूप से करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें और अभिभावकों के जागरूक भी करें। उन्होंने परिवारजनों से इस बात के लिए आगाह करने की बात कही कि इसमें किसी स्तर पर लापरवाही न हो। आशा कार्यकर्ता गर्भवती महिलाओं का शत प्रतिशत पंजीयन कराते हुए महीने के नियत तिथि पर उनके स्वास्थ्य की जांच करें। स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हुए महिलाओं व बालिकाओं के स्वास्थ्य की सतत निगरानी रखें। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश में 14 से 15 वर्ष की 5 लाख बालिकाओं का टीकाकरण कार्य पूर्ण हो चुका है। हम देश में टीकाकरण कार्य में प्रथम स्थान पर हैं। आगामी 2 माह में शेष बालिकाओं को टीका लगाकर शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त कर ली जायेगी। उन्होंने यूनिसेफ को धर्मगुरूओं के साथ आयोजित किये गये संवाद कार्यक्रम के लिए धन्यवाद दिया तथा कहा कि यह एक अच्छा प्रयास है। इससे शिशु मृत्युदर व मातृ मृत्युदर को कमी लाने के संकल्प को पूर्ण किया जा सकेगा। संवाद कार्यक्रम में यूनिसेफ के प्रदेश प्रमुख विलियम हेमलॉन ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपेक्षित बदलाव हो रहा है। शिशु मृत्युदर व मातृ मृत्युदर में कम करने में समुदाय की भागीदारी आवश्यक है। प्रत्येक गर्भवती महिला का पंजीयन के उपरांत नियमित स्वास्थ्य परीक्षण हो तथा संस्थागत प्रसव भी हो। उन्होंने अपेक्षा की कि सभी मिलकर बदलाव कर सकते हैं और हर माँ व बच्चे की जान बचाई जा सकती है। यूनिसेफ के प्रदेश संचार प्रमुख अनिल गुलाटी ने कहा कि जनजन को जोड़ने के लिए धर्मगुरू शिशु व मातृ मृत्युदर में कमी लाने में अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकते हैं। शासकीय विभागों के साथ जुड़कर इस कार्य में सफलता मिल सकती है और प्रदेश एवं रीवा जिले में इसमें अपेक्षित कमी लाई जा सकती है। कार्यक्रम में यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत कुमार ने कहा कि वर्ष 2030 तक शिशु व मातृ मृत्युदर में अपेक्षित कमी लाने के सभी प्रयास जारी हैं। उन्होंने देश के अन्य राज्यों व मध्यप्रदेश में शिशु व मातृ मृत्युदर का तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. प्रतिभा मिश्रा ने बताया कि जिले में गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन कर नियमित स्वास्थ्य की जांच करते हुए संस्थागत प्रसव के सतत प्रयास जारी हैं। किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण का भी कार्य कार्ययोजना बनाकर किया जा रहा है। संवाद कार्यक्रम में पूर्व सीएमएचओ डॉ. बीएल मिश्रा ने किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने सहित शिशु मृत्युदर मातृ मृत्युदर में कमी लाये जाने के संबंध में आवश्यक सुझाव दिये। इस अवसर पर ब्राम्हकुमारी संस्थान, गायत्री परिवार, हिन्दू धर्मगुरू, मुस्लिम धर्मगुरू, सिख धर्मगुरू, क्रिश्चियन धर्मगुरू सहित अन्य समाजसेवियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शुद्ध विचार व आसपास के अच्छे परिवेश का माँ पर प्रभाव पड़ता है। अशिक्षा व अंधविश्वास को दूर करते हुए निश्चित उम्र में ही शादी होने तथा गर्भवती महिला के अच्छे पोषण से शिशु व मातृ मृत्युदर में कमी लाई जा सकती है। सभी ने गर्भवती महिलाओं एवं विद्यालयों में पढ़ने वाली किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच किये जाने के सुझाव दिये। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर राजेश कुमार सिन्हा, अनिल शर्मा एवं शहर के धर्मगुरू सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित रहे।

### लंदन में रीवा के डॉक्टर का हुआ सम्मान

रीवा। रीवा के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. वक़ार अहमद ख़ान को लंदन में आयोजित वर्ल्ड होम्योपैथी समिट के दौरान ब्रिटिश संसद में सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर मिले इस सम्मान से न केवल रीवा, बल्कि पूरे देश का मान बढ़ा है। समारोह में भारत सहित कई देशों से पहुंचे करीब 100 होम्योपैथिक चिकित्सकों और 25 विदेशी विशेषज्ञों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्रिटिश संसद के सदस्य और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त व्यक्तित्वों की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन की गरिमा और बढ़ गई।ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में दिया व्याख्यानडॉ. ख़ान ने इस अवसर पर ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में त्वचा रोगों में होम्योपैथी की भूमिका विषय पर व्याख्यान भी दिया। उन्होंने त्वचा रोगों के सुरक्षित, प्रभावी और दीर्घकालिक उपचार में होम्योपैथी के वैज्ञानिक पहलुओं को विस्तार से प्रस्तुत किया, जिसे विशेषज्ञों ने सराहा। डॉ. वक़ार अहमद ख़ान पिछले 11 वर्षों से रीवा में होम्योपैथिक चिकित्सा सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने गठिया, साइटिका और त्वचा रोग जैसे जटिल मामलों में बेहतर परिणाम देकर अपनी अलग पहचान बनाई है। उनकी उपचार पद्धति बिना दुष्प्रभाव के मरीजों को राहत देने के लिए जानी जाती है,सम्मान मिलने के बाद डॉ. ख़ान ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी व्यक्तिगत नहीं, बल्कि रीवा शहर और भारत का प्रतिनिधित्व करने का गौरवपूर्ण अवसर है। उन्होंने इस सम्मान को अपने मरीजों के विश्वास और भारतीय चिकित्सा परंपरा को समर्पित बताया।19/04/2026, 8:04**pm** - गुड्डू निगम रीवाः मनगवां पी एच सी में अव्यवस्थाओं पर भड़के विधायक, अनुपस्थित डॉक्टरों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देशरीवा । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनगवां में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की हकीकत उस समय सामने आ गई जब मनगवां विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, मरीजों की देखभाल और दवाइयों की उपलब्धता को लेकर गंभीर खामियां उजागर हुईं, जिस पर विधायक ने कड़ी नाराजगी जताई।निरीक्षण के दौरान डॉ. एम.डी. पटेल एवं डॉ. कल्पना मिश्रा बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए विधायक ने तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (**CMHO**) रीवा को फोन पर जानकारी दी और संबंधितों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। विधायक ने यह भी सवाल उठाया कि जब अस्पताल में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता का दावा किया जाता है, तो फिर मरीजों को बाहर के मेडिकल स्टोर से दवाइयां क्यों लिखी जा रही हैं। उन्होंने इसे मरीजों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने वाला व्यवहार बताते हुए सख्त आपत्ति दर्ज की।हाल के दिनों में वायरल हुए एक वीडियो का भी जिक्र निरीक्षण के दौरान सामने आया, जिसमें स्वास्थ्य केंद्र के स्टाफ द्वारा मरीजों को बाहर से रेबीज इंजेक्शन मंगाने की बात कही जा रही थी। इस मामले ने पहले ही विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए थे, और अब ताजा निरीक्षण ने स्थिति को और स्पष्ट कर दिया है।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह सम्मेलन में 200 से अधिक जोड़े बंधे परिणय सूत्र में



मऊगंज

जिला स्तरीय सामूहिक विवाह, निकाह आयोजन में 200 से अधिक जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। गरिमामय समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आये जोड़ों ने वैदिक मंत्रोंच्चार और सामाजिक रीति रिवाज के साथ गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। आयोजन के दौरान पूरा परिसर उत्सव के रंग में सराबोर नजर आया। जहाँ एक ओर हिंदू जोड़ों ने पंडितों द्वारा उच्चारित वैदिक ऋचाओं के बीच अग्नि को साक्षी मानकर फेरे लिए, वहीं दूसरी ओर निकाह की रस्मों को भी पूरी धार्मिक शुचिता के साथ संपन्न कराया गया। प्रशासन द्वारा सर्वधर्म समभाव और सामाजिक समरसता की मिसाल पेश करते हुए सभी जोड़ों के लिए पृथक-पृथक गरिमामय व्यवस्थाएं की गई थीं। शहीद केदारनाथ महाविद्यालय प्रांगण मऊगंज में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने नवदम्पत्तियों को शुभ आशीर्वाद दिया। उपस्थित जनों ने कहा कि गरीब लोगों के लिए यह योजना हितकारी है। अब बेटियों के विवाह की चिंता स्वयं सरकार करती है और जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी उपस्थित रह कर वर-वधू को आशीर्वाद देते हैं। आयोजन में सभी नवदंपत्तियों को शासन की ओर से निर्धारित सहायता राशि एवं उपहार सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर कलेक्टर संजय कुमार जैन ने नवदम्पत्तियों को सुखमय जीवन की शुभकामना दी। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, एसडीम मऊगंज एपी द्विवेदी,मऊगंज जनपद अध्यक्ष नीलम सिंह,सहित बड़ी संख्या में वर-वधू तथा उनके परिजन उपस्थित रहे

# घर के सामने वृद्ध की चाकू गोदकर जघन्य हत्या, आरोपियों के खिलाफ चंदन चोरी की शिकायत बनी वजह

### पिता-पुत्र समेत तीन पर हत्या का आरोप, वारदात के बाद आरोपी फरार

रीवा।



जिले की चोरहटा थाना अंतर्गत नौबस्ता पुलिस चौकी क्षेत्र में रविवार सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां घर के सामने बैठे एक वृद्ध की चाकुओं से गोदकर नृशंस हत्या कर दी गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है, प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक उमाकांत मिश्रा उम्र 65 सुबह लगभग 8 बजे अपने घर के बाहर बैठे हुए थे, तभी आरोपियों ने उन पर अचानक हमला बोल दिया। हमलावरों ने धारदार चाकुओं से ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वे गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गए। परिजन तत्काल उन्हें उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।बताया जा रहा है कि हत्या की इस वारदात के पीछे पुरानी रंजिश मुख्य कारण है। मृतक के परिजनों के अनुसार, जनवरी माह में उनके घर में चंदन चोरी की घटना हुई थी, जिसकी नामजद शिकायत मृतक द्वारा कुछ लोगों के खिलाफ दर्ज कराई गई थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच लगातार तनाव बना हुआ था। परिजनों ने आरोप लगाया कि शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लिया था, लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया गया, जिससे आरोपियों के हौसले बुलंद हो गए। इतना ही नहीं, घटना से एक दिन पहले भी आरोपियों ने मृतक की जमीन पर लगे बबूल के पेड़ को काटने का प्रयास किया था, जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि इसी विवाद के चलते रविवार सुबह आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से वृद्ध पर हमला कर उनकी हत्या कर दी। मृतक के परिजनों ने रोहित पाठक, राहुल पाठक और उनके पिता राम नारायण पाठक पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि आरोपियों में शामिल राहुल पाठक पर पूर्व में भी हत्या का प्रकरण दर्ज है, घटना की सूचना मिलते ही चोरहटा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे घटनाक्रम का खुलासा किया जाएगा।